जल जीवन मिशन (Jal Jeevan Mission)

जल जीवन मिशन (Jal Jeevan Mission) की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा वर्ष 2019 में की गयी थी। यह योजना भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के लिए शुरू की गयी थी, जिसके तहत पानी की सुविधा घर-घर में उपलब्ध होगी। 15अगस्त 2019 को मोदी सरकार के द्वारा सभी नागरिकों तक पानी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन का शुभारंभ किया गया था। इस मिशन के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार के द्वारा 3.60 लाख करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया गया था । जल जीवन मिशन के माध्यम से सभी नागरिकों तक पीने के लिए स्वच्छ जल की सुविधाएँ उपलब्ध होंगीं।

जल जीवन मिशन (Jal Jeevan Mission- JJM)

- जल जीवन मिशन की शुरुआत जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त 2019 को शुरू किया गया था। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2024 तक ‘कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन’ (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है।
- जल जीवन मिशन वर्तमान की जल आपूर्ति प्रणालियों और पानी के कनेक्शन की कार्यक्षमता को सुनिश्चित करके पानी की गुणवत्ता की निगरानी एवं परीक्षण के साथ-साथ सतत् कृषि को भी बढ़ावा देता है।
- यह मिशन संरक्षित जल के संयुक्त उपयोग; पेयजल स्रोत में वृद्धि, पेयजल आपूर्ति प्रणाली, धूसर जल उपचार और इसके पुन: उपयोग को भी सुनिश्चित करता है।
- इस मिशन के क्रियान्वयन के लिए जल समितियाँ ग्राम जल आपूर्ति प्रणालियों की योजना, क्रियान्वयन, प्रबंधन, संचालन और रखरखाव को सुनिश्चित करती हैं।
- जल समिति में 10-15 सदस्य होते हैं, जिनमें कम-से-कम 50% महिला सदस्य एवं स्वयं सहायता समूहों के अन्य सदस्य, मान्यता प्राप्त सामाजिक और स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (आशा), आंँगनवाड़ी, शिक्षक आदि शामिल होते हैं।
- जल समितियाँ सभी उपलब्ध ग्राम संसाधनों को मिलाकर एक बारगी ग्राम कार्ययोजना तैयार करती हैं। योजना को लागू करने से पहले इसे ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित करना आवश्यक होता है।
- इस मिशन के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बजट का प्रावधान हिमालय तथा उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिये 90:10, अन्य राज्यों के लिये 50:50 है जबकि केंद्रशासित प्रदेशों के मामलों में शत प्रतिशत योगदान केंद्र द्वारा किया जाता है।

- वर्ष 2019 से लेकर 2024 तक केंद्र और राज्य सरकार की भागीदारी के साथ अलग-अलग रूप में बजट को निर्धारित किया गया है जो जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन को सफल बनाने के लिए 5 वर्ष की अवधि के बजट को निम्न सूची में प्रदर्शित किया गया है:

क्र संख्या	**वित्तीय वर्ष**	**योजना में केंद्र सरकार की सहभागिता**	**राज्य सरकार की सहभागिता**	**कुल बजट की राशि**
1.	2019-20	20 करोड़ 798 लाख रूपए	15 करोड़ 202 लाख	36 करोड़ रूपए
2.	2020-21	34 करोड़ 753 लाख	25 करोड़ 247 लाख	60 करोड़ रूपए
3.	2021-22	58,करोड़ 011 लाख रूपए	41,करोड़ 989 लाख	100 करोड़ रूपए
4.	2022-23	48,करोड़ 708 लाख रूपए	35,करोड़ 292 लाख	84,हजार करोड़ रूपए
5.	2023-24	46,करोड़ 382 लाख रूपए	33,करोड़ 618 लाख	80,हजार करोड़ रूपए
6.	**टोटल राशि**	**2,08,652**	**1,51,348**	**3,60,000**

जल जीवन मिशन (Jal Jeevan Mission) : उद्देश्य

- जल जीवन मिशन योजना का प्रमुख उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले उन सभी परिवारों को घर में पानी की सुविधा उपलब्ध करवाना जिन्हें पानी की समस्याओं से गुजरना पड़ता है।
- इस मिशन के अंतर्गत अभी तक 50 प्रतिशत परिवारों को JJM मिशन से लाभांवित किया गया है। 2024 तक देश के सभी जरूरतमंद परिवारों को पानी की सुविधा को उपलब्ध कराने का प्रावधान है।
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी परिवारों को पाइप के माध्यम से ताजा एवं स्वच्छ जल की सुविधा प्राप्त होगी ,देश के प्रत्येक परिवार को इस मिशन के माध्यम से नल के पानी से जोड़ने का यह एक सफल प्रयास है।

- ग्रामीणों तक पानी पहुंचाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्य किया जायेगा। केंद्र सरकार के इस मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे जिससे उनकी आर्थिक स्तर में भी वृद्धि होगी।
- पानी मनुष्य के जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इसके बिना मनुष्य जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता है। व्यक्ति को जीवन जीने के लिए पानी की अति आवश्यकता होती है वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति को तभी पूरा कर सकता है जब पानी की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध हो। अत: पानी जीवन का मूलभूत तत्व है।

जल जीवन मिशन (Jal Jeevan Mission) : लाभ

- जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार 10 जून, 2022 तक देश भर में लगभग 9.65 करोड़ घरों (50.38%) के पास नल के पानी के कनेक्शन हैं।
- राज्य स्तर पर गोवा, तेलंगाना और हरियाणा ने राज्य के सभी परिवारों को 100% नल कनेक्टिविटी प्रदान की गई है।
- पुद्दूचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन व दीव जैसे केंद्रशासित प्रदेशों ने भी 100% घरों को नल जल के कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं।
- ग्रामीण जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में पानी की व्यवस्था उपलब्ध होने से महिलाएं एवं किशोरी बालिकाओं को सबसे अधिक लाभ प्राप्त हुआ है, अब उन्हें पानी लाने के लिए मीलों पैदल नहीं जाना पड़ता है।
- महिलाओं के जीवन को आसान बनाने में जल जीवन मिशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।घर में पानी की सुविधा उपलब्ध होने पर महिलाएं अपने काम को समय से कर पा रही है।
- जल से संबंधित सभी समस्याओं से जल जीवन मिशन के अनुसार ग्रामीण परिवारों को मुक्ति मिली है। ग्रामीण क्षेत्र के परिवार इस मिशन के माध्यम से स्वच्छ एवं ताजा जल को नल के रूप में प्राप्त कर पा रहे हैं।
- इस मिशन से आने वाली पीढ़ी को जल की व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए बच्चों को मिशन के तहत जल संरक्षण के बारे में भी जागरूक किया गया है, जिससे वह भविष्य के लिए जल का संरक्षण कर सकते है। एवं मिशन के तहत गाँवों में पेयजल के स्रोत के साधन में वृद्धि हुई है।